पूर्वोत्तर से परिचित हुए विद्यार्थी

===============

श्री शिवचरण माथुर राजकीय महाविद्यालय, माण्डलगढ़ में शनिवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के कार्यक्रम प्रभारी सिद्दार्थ देसाई ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति से परिचित करवाने के उद्देश्य से "एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम" का आयोजन किया गया।

भूगोल सहायक आचार्य सिद्दार्थ ने विद्यार्थियों को बताया कि विशाल भारत भौगोलिक,प्राकृतिक,सांस्कृतिक विविधताओं से परिपूर्ण देश है।देसाई ने आयुक्तालय द्वारा राजस्थान के सम्बन्धित प्रदेश असम की जानकारी देते हुए स्मार्ट बोर्ड पर असमिया संस्कृति की झलकियाँ भी दिखलायी।हिंदी सहायक आचार्य सूर्यप्रकाश पारीक ने असम की भाषा एवं संस्कृति से जुड़ी विविध जानकारियां दी।

विद्यार्थी के सर्वांगीण भाषिक विकास हेतु उन्हें अन्य प्रदेशों की भाषाओं से परिचित होने के लिए प्रेरित किया।

कला द्वितीय वर्ष की विद्यार्थी पल्लवी पाराशर ने इस अवसर पर गीत की प्रस्तुति दी।

आकांक्षा बाबेल एवं तस्लीम सिलावट ने "विविधता में एकता" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

महाविद्यालय की प्राचार्य सुमित्रा देवी साहू ने आयुक्तालय के इस कार्यक्रम को सार्थक बतलाते हुए विद्यार्थियों को इससे इसका लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।साहू ने भारतीय एकता के प्रतीक वल्लभभाई पटेल को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों को भारत की एकता अखण्ड बनाये रखने हेतु कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक आचार्य सुरेश कुमार माली,अंजलि अग्रवाल,सुरज्ञान,सूर्यप्रकाश शर्मा,सन्दीप कुमार शर्मा उपस्थित थे।